समाचार

सरकार तुहर द्वार – वृहद समाधान शिविर

विभिन्न विभागों से समन्वय बनाकर शिविर से पूर्व आवेदनों का यथासंभव पूर्ण व संतुष्टिपूर्ण निराकरण सुनिश्चित कराएं – महापौर

(महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने निगम अधिकारियों की बैठक लेकर प्राप्त आवेदनों एवं उनके निराकरण की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की)

(कोसाबाड़ी, पं.रविशंकर शुक्ल व बालको जोन के वार्डो हेतु 25 मई को विद्युतगृह उ.मा. विद्यालय कोरबा पूर्व में लगेगा समाधान शिविर)

कोरबा 23 मई 2022 – महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने निगम के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि 25 मई को आयोजित होने जा रहे वृहद समाधान शिविर के संबंध में विभिन्न शिकायतों व समस्याओं से संबंधित प्राप्त हुए आवेदनों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण शिविर से पूर्व कराया जाना सुनिश्चित करें, इस हेतु जिले के विभिन्न विभागों से समन्वय बनाकर कार्य करें। उन्होने कहा कि शिविर के दिन भी आमनागरिकों से शिकायतों व समस्याओं से संबंधित आवेदन प्राप्त किए जाएंगे, इन आवेदनों को पंजीकृत करते हुए इनके क्रमशः निराकरण की भी कार्यवाही कराएं।

यहॉ उल्लेखनीय है कि सरकार तुहर द्वार की तर्ज पर नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र में निर्धारित कार्यक्रम के तहत जनशिकायत निवारण वृहद समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है, विगत 11 मई को कोरबा व टी.पी. नगर जोन के वार्ड क्र. 01 से वार्ड क्र. 16 तक के लिए समाधान शिविर आयोजित किया गया। इसकी अगली कड़ी में 25 मई बुधवार को निगम के कोसाबाड़ी, पं.रविशंकर शुक्ल व बालको जोन के वार्ड क्र. 17 से 42 तक के लिए वृहद समाधान शिविर का आयोजन विद्युतगृह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोरबा पूर्व में प्रातः 09 बजे से किया जाना हैं। आज महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने निगम कार्यालय साकेत में अधिकारियों की बैठक लेकर समाधान शिविर हेतु प्राप्त आवेदनों एवं उनके निराकरण की वर्तमान स्थिति

की जोनवार विस्तार से समीक्षा की। इस मौके पर सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी, मेयर इन काउंसिल सदस्य संतोष राठौर, पार्षद शैलेन्द्र सिंह पप्पी व अपर आयुक्त खजांची कुम्हार भी उपस्थित थे। महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने अधिकारियों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि प्राप्त समस्त आवेदनों का वास्तविक व संतुष्टिपूर्ण निराकरण शिविर आयोजन से पूर्व किया जाए, लोगों की समस्याएं त्वरित रूप से निराकृत हों, उन्हें इनका वास्तविक लाभ मिले, इस हेतु हम सभी को पूरी इच्छाशक्ति के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करना होगा। उन्होने कहा कि जिले के विभिन्न विभागों व नगर निगम कोरबा से संबंधित सभी प्रकार के प्राप्त आवेदनों का उचित निराकरण हो, इसके लिए जिले के विभिन्न विभाग आपसी समन्वय बनाकर कार्य करें।

प्राप्त आवेदनों की जोनवार समीक्षा– महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने निगम के कोसाबाड़ी, पं.रविशंकर शुक्ल व बालको जोन के वार्ड क्र. 17 से 42 तक से आम लोगों द्वारा दिए गए आवेदनों एवं उनके निराकरण की जोनवार व विषयवार समीक्षा की। उन्होने सड़क, नाली, पेयजल, साफ–सफाई, स्ट्रीट लाईट, विभिन्न पेंशन योजनाओं, अतिक्रमण, राशन कार्ड, पानी बिल, प्रधानमंत्री आवास योजना, नल कनेक्शन, जन्म मृत्यु विवाह पंजीयन, संपदा, सम्पत्तिकर, निर्माण एवं मरम्मत सहित अन्य विभिन्न कार्यो से संबंधित प्राप्त आवेदनों, उनके निराकरण की वर्तमान स्थिति तथा की जा रही कार्यवाही की बिन्दुवार समीक्षा की। उन्होने अधिकारियों से कहा कि शिविर के दिन भी शिविर स्थल पर नागरिकों से आवेदन प्राप्त करना है तथा उनका संतुष्टिपूर्ण निराकरण कराना हैं। महापौर श्री प्रसाद ने बैठक के दौरान जिले के विभिन्न विभागों, राजस्व, स्वास्थ्य, शिक्षा, आदिवासी विकास, पी.एच.ई., खाद्य विभाग, महिला एवं बाल विकास, क्रेडा, श्रम विभाग, उद्यान, कृषि, समाज कल्याण, सहकारिता सहित अन्य सभी विभागों में प्राप्त आवेदनों एवं उनके निराकरण की जानकारी भी निगम के अपर आयुक्त श्री खजांची कुम्हार से ली।

बैठक के दौरान सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी, मेयर इन काउंसिल सदस्य संतोष राठौर, पार्षद शैलेन्द्र सिंह पप्पी व अपर आयुक्त खजांची कुम्हार के साथ ही उपायुक्त बी.पी.त्रिवेदी एवं पवन वर्मा, जोन कमिश्नर आर.के.माहेश्वरी, एम.एन.सरकार, एन.के.नाथ, कार्यपालन अभियंता भूषण उरांव, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, सहायक अभियंता राकेश मसीह, योगेश राठौर, प्रकाश चन्द्रा, रघुराज सिंह, अनिरूद्ध सिंह, अशोक बनाफर, आकाश अग्रवाल, सोमनाथ डेहरे, एम.एल.बरेठ, पी.जी.गोस्वामी, हर्ष छत्रवाणी, जितेश राठौर, भावेश यादव, अरविंद सिंह, रामेश्वर कंवर, प्रिंस सिंह सहित निगम के अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।